युवा शक्ति समाज कल्याण नवनिर्माण की नींव

अग्रवाल महाविद्यालय द्वारा आज दिनांक 14 नवंबर 2022 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में एनएसएस और कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों ने चंद्रावली गवर्नमेंट स्कूल में जाकर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जैसे कि नृत्य और गायन आदि। गौरव के गाने ने सभी का मन मोह लिया। लोकेश और दिव्या ने अपने भाषण की द्वारा समझाया कि बाल दिवस पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ये देश में बच्चों की बीती हुई स्थिति और देश के उज्जवल भविष्य के लिए उनकी सही स्थिति क्या होनी चाहिए के बारे में जागरूकता लाने का प्रयास है। प्राचार्य जी ने इस अवसर पर युवा शक्ति को समाज कल्याण और नवनिर्माण के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया और उनके द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। एनएसएस की इकाई 2 कि अधिकारी और वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्षा डॉ. शोभना गोयल को इस कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी और बाल दिवस पर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।